**भारत सरकार**

**कोयला मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 2563**

**जिसका उत्तर 11 दिसंबर, 2024 को दिया जाना है**

**एनएलसी श्रमिकों की दुर्दशा**

**2563. डॉ. टी. सुमति उर्फ तामिझाची थंगापंडियनः**

क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नयवेली लिग्नाइट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएलसी) द्वारा नियुक्त ठेका श्रमिकों/कर्मचारियों की दुर्दशा पर गंभीरतापूर्वक ध्यान दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा एनएलसी में दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों के लिए न्यूनतम 20-24 दिन का काम उपलब्ध कराने के लिए क्या प्रभावी उपाय किए गए हैं;

(ग) पिछले चार वर्षों के दौरान आज तक एनएलसी द्वारा तैनात अनुबंधित कर्मचारियों और दैनिक वेतनभोगी श्रमिकों की कुल संख्या कितनी है और मजदूरी के संदाय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) एनएलसी में प्रबंधन कर्मचारियों की कुल संख्या कितनी है और पिछले चार वर्षों के दौरान उन्हें वेतन के संदाय का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कोयला एवं खान मंत्री**

**(श्री जी. किशन रेड्डी)**

**(क) :** एनएलसीआईएल कतिपय कार्यों के निष्पादन के लिए ठेकेदारों के माध्यम से तैनात ठेका कामगारों को विभिन्न लाभ/कल्याणकारी उपाय प्रदान करने में अग्रणी रहा है। एनएलसीआईएल में तैनात ठेका कामगारों तथा एनएलसीआईएल के नियमित कर्मचारियों को दिए गए लाभ और कल्याणकारी उपाय क्रमशः अनुबंध-क और अनुबंध-ख में संलग्न हैं।

**(ख) :** ठेकेदार द्वारा ठेका कामगारों की तैनाती के दिन कार्य की आवश्यकता और ठेके की शर्तों पर निर्भर करते हैं। तथापि, यह सूचित किया गया है कि एनएलसीआईएल में ठेकेदारों द्वारा तैनात अधिकांश ठेका कामगारों को प्रति माह 26/27 शिफ्टों की अधिकतम अनुमत सीमा के लिए लगाया जाता है।

**(ग) :** पिछले चार वर्षों के दौरान कार्यरत ठेका कामगार (एमआईपी) और ठेकेदारों को भुगतान की गई राशि का ब्यौरा क्रमशः अनुबंध-ग और अनुबंध-घ में दिया गया हैं।

**(घ) :** एनएलसी इंडिया लिमिटेड में स्थायी कर्मचारियों की कुल संख्या और पिछले चार वर्षों के दौरान भुगतान किए गए वेतन/मजदूरी का वर्ष-वार ब्यौरा नीचे दिया गया है:

| क्र.सं. | समाप्ति वर्ष | स्थायी कर्मचारी | वेतन और मजदूरी का भुगतान (करोड़ रुपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 31 मार्च, 2021 | 11379 | 2,688.36 |
| 2 | 31 मार्च, 2022 | 11246 | 2,624.48 |
| 3 | 31 मार्च, 2023 | 10781 | 2,526.32 |
| 4 | 31 मार्च, 2024 | 10368 | 2,646.73 |

विवरण अनुबंध-ख में दिया गया हैं।

****

**<u>एनएलसी इंडिया लिमिटेड, नेयवेली में ठेकेदारों के माध्यम से नियुक्त ठेका कामगारों के लिए किए गए सांविधिक और कल्याणकारी उपाय।</u>**

**1. ठेका श्रम सांविधिक अनुपालन**

1.1 ठेकेदार नियोक्ता निम्नलिखित अधिनियमों के अनुसार सभी लागू सांविधिक अनुपालनों का पालन कर रहे हैं;

- ठेका श्रम विनियमन और उत्सादन अधिनियम, 1970
- कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम, 1952
- कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948
- कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923
- न्यूनतम मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1948
- मजदूरी भुगतान अधिनियम, 1936
- बोनस भुगतान अधिनियम, 1965
- ग्रेच्युटी भुगतान अधिनियम, 1972 तथा अन्य लागू अधिनियम और नियम।

1.2 प्रधान नियोक्ता (अर्थात एनएलसीआईएल) उपर्युक्त सभी सांविधिक अपेक्षाओं का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कर रहा है।

**2. सांविधिक लाभ**

संबंधित अधिनियमों के प्रावधानों के अनुसार संविदा कामगारों को कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में अंशदान, ग्रेच्युटी का भुगतान, कर्मचारी राज्य बीमा योजना (ईएसआईसी) में अंशदान, कर्मचारी मुआवजा अधिनियम, 1923 के अंतर्गत मुआवजे का भुगतान, बोनस और अनुग्रह राशि का भुगतान, राष्ट्रीय और त्यौहारों की अवकाशों पर भुगतान, मजदूरी के साथ वार्षिक अवकाश (एएलडब्ल्यू) प्रदान किया जा रहा है।

**2.1 मजदूरी**:

ठेका कामगारों को भुगतान की जा रही मजदूरी सीएलसी (ग)/केन्द्रीय अधिसूचित मजदूरी से अधिक है। एनएलसीआईएल, नेवेली में दिनांक 07/08/2020 के 12 (3) समझौते के अनुसार भुगतान की गई मजदूरी निम्नानुसार है:

| **कौशल श्रेणी** | **दिनांक 01/10/24 की स्थिति के अनुसार एनएलसीआईएल को भुगतान की गई कुल मजदूरी (डीए और भत्तों सहित)** |
|---|---|
| | **(रुपये प्रति माह में)** |
| क) भूमि पर | |

| | |
|---|---|
| यूएसके | 25067 |
| एसएसके | 26679 |
| एसके | 28161 |
| एचएसके | 30522 |
| ख) भूमिगत | |
| यूएसके | 26289 |
| एसएसके | 27901 |
| एसके | 30652 |
| एचएसके | 33460 |
| ग) खानों के अलावा अन्य | |
| यूएसके | 24937 |
| एसएसके | 26185 |
| एसके | 27641 |
| एचएसके | 29248 |

**3. गैर-सांविधिक लाभ**

3.1 ठेका कामगारों को नेयवेली स्थित एनएलसीआईएल अस्पताल में बाह्य रोगी/अंत: रोगी उपचार के लिए स्वयं और आश्रितों को चिकित्सा लाभ, ठेका कामगारों के बच्चों को शैक्षिक सहायता, ठेका कामगारों के बच्चों के लिए शिक्षण शुल्क प्रतिपूर्ति, सिले हुए यूनिफार्म के 2 सेट प्रदान किए जाते हैं।

3.2 उपर्युक्त के अलावा, उन ठेका कामगारों के आश्रितों को मृत्यु राहत प्रदान करने के लिए ठेका कर्मकार मृत्यु राहत निधि (सीडब्ल्यूडीआरएफ) न्यास की स्थापना की गई है, जो रोजगार में रहते हुए दुर्घटनाओं/प्राकृतिक कारणों से अपनी जान गंवा देते हैं।

3.3 औद्योगिक दुर्घटना के कारण मरने वाले मृतक के पात्र आश्रित को अनुकंपा के आधार पर रोजगार अथवा पारिवारिक राहत (रोजगार के बदले) प्रदान की जाएगी।

3.4 एनएलसीआईएल स्कूलों में 11 वीं और 12 वीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों को मुफ्त शिक्षा, मुफ्त नाश्ता, दोपहर का भोजन और यूनिफार्म।

3.5 ठेका कामगारों को क्वार्टर आवंटित किए जा रहे हैं और मुफ्त पानी, रियायती बिजली और नाममात्र किराया प्रदान किया जा रहा है।

3.6 सामान्य वरिष्ठता सूची के आधार पर लगभग 5100 ठेका कामगारों को एनएलआईसीएल के कर्मचारियों के रूप में नियमित किया गया था और ठेका कामगारों का प्रतिनिधित्व करने वाले ट्रेड यूनियनों के साथ समझौता किया गया था।

**अनुबंध-ख**

**<u>एनएलसीआईएल, नेवेली के नियमित कर्मचारियों को वेतन और अन्य लाभ</u>**

1.0 एनएलसीआईएल के संघीकृत श्रेणी के कामगारों/गैर-अधिकारी को दिनांक 05/12/2018 के समझौता ज्ञापन के अनुसार मजदूरी और भत्तों का भुगतान किया जाता है, जो निम्नानुसार है:

| ग्रेड | वेतनमान |
|---|---|
| डब्ल्यू0ए | 15000 - 3% - 30000 |
| डब्ल्यू0 | 16000 -3% - 40000 |
| डब्ल्यू 1 | 18000 - 3% - 73000 |
| डब्ल्यू 2 | 19000 - 3% - 77000 |
| डब्ल्यू 3 | 20000 -3% - 81000 |
| डब्ल्यू4 | 21000 - 3% - 85000 |
| डब्ल्यू5 | 22000 - 3% - 90000 |
| डब्ल्यू6 | 23000 - 3% - 95000 |
| डब्ल्यू7 | 24000 - 3% - 100000 |
| डब्ल्यू8 | 25000 - 3% - 105000 |
| एसजी1 | 26000 - 3% - 110000 |
| एसजी2 | 27000 - 3% - 115000 |
| एसजी3 | 28000 - 3% - 117000 |
| एसजी4 | 30000 - 3% - 120000 |

2.0 एनएलसीआईएल के अधिकारी और गैर-संघीकृत पर्यवेक्षकों को नीचे दिए गए डीपीई दिशानिर्देशों के अनुसार मजदूरी और भत्तों का भुगतान किया जाता है

2.1 गैर-संघीकृत पर्यवेक्षक

| **ग्रेड** | **वेतन-मान** |
|---|---|
| एस-1 | 31000-100000 रु. |
| एस-2 | 32000-110000 रु. |

| | |
|---|---|
| एस-3 | 34000-120000 रु. |
| एस-4 | 36000-130000 रु. |

2.2 अधिकारी

| **ग्रेड** | **वेतन-मान** |
|---|---|
| ई-1 | 40000-140000 रु. |
| ई-2 | 50000-160000 रु. |
| ई-3 | 60000-180000 रु. |
| ई-4 | 70000-200000 रु. |
| ई-5 | 80000-220000 रु. |
| ई-6 | 90000-240000 रु. |
| ई-7 | 100000-260000 रु. |
| ई-8 | 120000-280000 रु. |
| ई-9 | 150000-300000 रु. |

3.0 इसके अलावा कर्मचारियों को अनुलाभ और भत्तों के लिए संशोधित मूल वेतन पर सामान्य भत्ता @ 35% का भुगतान किया जाता है।

4.0 उपर्युक्त के अलावा, कामगारों को 250 रु. से 8700 रु. तक क्षेत्र आधारित मुआवजा, रात्रि शिफ्ट मुआवजा @ 150 रु. की दर से प्रति रात्रि शिफ्ट, 8% से 24% तक एचआरए, सेवानिवृत्ति लाभ @ बीपी+डीए (सीपीएफ + ग्रेच्युटी + अधिवर्षिता पेंशन स्कीम और सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ) के 30% का भुगतान किया जाता है।

5.0 अधिकारियों के संबंध में डीपीई दिशानिर्देशों के दिनांक 03 अगस्त 2017 के कार्यालय ज्ञापन आदेश डब्ल्यू-02/0028/2017-डीपीई (डब्ल्यूसी)-जीएल-XIII/17 की शर्तों के अनुसार वेतन और भत्तों का भुगतान किया जाता है।

6.0 सांविधिक लाभ

भविष्य निधि (पीएफ) लाभ (ट्रस्ट के रखरखाव के लिए दी गई छूट), ग्रेच्युटी का भुगतान, एनएलसीआईएल कर्मचारी जमा संबद्ध बीमा, का भुगतान/विनियमन संबंधित अधिनियम के अनुसार किया जाता है।

7.0 गैर- सांविधिक लाभ।

7.1 कैंटीन सुविधा, पीने योग्य पेय जल, विश्राम गृह, आवधिक चिकित्सा जांच, प्राथमिक उपचार केन्द्र और सर्व सुविधायुक्त प्राथमिक उपचार कक्ष, परिवहन

सुविधाएं, टेरी कॉटन यूनिफार्म, जूते, गमबूट, रेन कोट, चश्मा आदि।

7.2 एनएलसीआईएल औद्योगिक परिसर में चिकित्सा सेवाएं, आवास, शिक्षा, सामुदायिक विकास कार्यकलाप, खेल सुविधाएं, समाज कल्याण उपाय करना, रियायती परिवहन सुविधाओं का प्रचालन करना।

8.0 दीर्घ सेवा अवार्ड की प्रस्तुति, निष्ठावान सेवा अवार्ड प्रदान करना, कर्मचारी/कामगार के बच्चों को विवाह उपहार, अधिवर्षिता उपहार, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों और मेधावी छात्रों के बच्चों को शैक्षिक छात्रवृत्ति, केन्द्रीय पुस्तकालय, वाचनालय और मोबाइल पुस्तकालय तथा सामूहिक व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा स्कीम।

9.0 रोजगार के कारण और उसके दौरान उत्पन्न औद्योगिक दुर्घटना के कारण मरने वाले कर्मचारी के विधवा/वार्ड/कानूनी उत्तराधिकारी को अनुकंपा के आधार पर नियमित रोजगार प्रदान किया जाता है अथवा रोजगार के बदले परिवार राहत प्रदान की जाती है।

10.0 यूनिफार्म एंड लिवरीज - तीन सेट यूनिफार्म जूते/सुरक्षात्मक जूते, रेनकोट, हेलमेट और सुरक्षा उपकरण जैसे चश्मे, श्वासयंत्र, हाथ के दस्ताने आदि नि:शुल्क प्रदान करना।

अनुबंध-ग

| ठेका कामगार - पिछले 4 वर्षों से एमआईपी | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | वर्ष | एनएलसीआईएल, नेवेली | एनएलसीआईएल, बरसिंगसर परियोजना | एनएलसीआईएल, तालाबीरा परियोजना | कुल |
| 1 | 01-04-2021 | 14992 | 786 | 63 | **15841** |
| 2 | 01-04-2022 | 15012 | 640 | 69 | **15721** |
| 3 | 01-04-2023 | 15736 | 1045 | 567 | **17348** |
| 4 | 01-04-2024 | 16142 | 1320 | 732 | **18194** |

**अनुबंध-घ**

| **एनएलसीआईएल, नेयवेली में तैनात ठेका कामगारों को देय करार मजदूरी (भत्तों को छोड़कर)** | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 01-04-2021 | | | 01-04-2022 | | | 01-04-2023 | | | 01-04-2024 | | | 01-10-2024 | | |
| भू-स्तर | कौशल | एनएलसी मजदूरी | डीए | **कुल** | एनएलसी मजदूरी | डीए | **कुल** | एनएलसी मजदूरी | डीए | **कुल** | एनएलसी मजदूरी | डीए | **कुल** | एनएलसी मजदूरी | डीए | **कुल** |
| भूमिपर | यूएसके | 724.20 | 28.00 | **752.20** | 724.20 | 40.00 | **764.20** | 724.20 | 91.00 | **815.20** | 724.20 | 119.00 | **843.20** | 724.20 | 123.00 | **847.20** |
| | एसएसके | 757.20 | 36.00 | **793.20** | 757.20 | 50.00 | **807.20** | 757.20 | 113.00 | **870.20** | 757.20 | 148.00 | **905.20** | 757.20 | 152.00 | **909.20** |
| | एसके | 786.20 | 42.00 | **828.20** | 786.20 | 60.00 | **846.20** | 786.20 | 133.00 | **919.20** | 786.20 | 175.00 | **961.20** | 786.20 | 180.00 | **966.20** |
| | एचएसके | 848.00 | 49.00 | **897.00** | 848.00 | 69.00 | **917.00** | 848.00 | 155.00 | **1003.00** | 848.00 | 203.00 | **1051.00** | 848.00 | 209.00 | **1057.00** |
| भूमिगत | यूएसके | 742.20 | 36.00 | **778.20** | 742.20 | 50.00 | **792.20** | 742.20 | 113.00 | **855.20** | 742.20 | 148.00 | **890.20** | 742.20 | 152.00 | **894.20** |
| | एसएसके | 776.20 | 42.00 | **818.20** | 776.20 | 60.00 | **836.20** | 776.20 | 133.00 | **909.20** | 776.20 | 175.00 | **951.20** | 776.20 | 180.00 | **956.20** |
| | एसके | 853.00 | 49.00 | **902.00** | 853.00 | 69.00 | **922.00** | 853.00 | 155.00 | **1008.00** | 853.00 | 203.00 | **1056.00** | 853.00 | 209.00 | **1062.00** |
| | एचएसके | 935.00 | 55.00 | **990.00** | 935.00 | 77.00 | **1012.00** | 935.00 | 174.00 | **1109.00** | 935.00 | 228.00 | **1163.00** | 935.00 | 235.00 | **1170.00** |
| खानों के अलावा अन्य | यूएसके | 719.20 | 28.00 | **747.20** | 719.20 | 40.00 | **759.20** | 719.20 | 91.00 | **810.20** | 719.20 | 119.00 | **838.20** | 719.20 | 123.00 | **842.20** |
| | एसएसके | 748.20 | 33.00 | **781.20** | 748.20 | 47.00 | **795.20** | 748.20 | 105.00 | **853.20** | 748.20 | 138.00 | **886.20** | 748.20 | 142.00 | **890.20** |
| | एसके | 776.20 | 40.00 | **816.20** | 776.20 | 56.00 | **832.20** | 776.20 | 126.00 | **902.20** | 776.20 | 165.00 | **941.20** | 776.20 | 170.00 | **946.20** |
| | एचएसके | 806.00 | 48.00 | **854.00** | 806.00 | 68.00 | **874.00** | 806.00 | 150.00 | **956.00** | 806.00 | 196.00 | **1002.00** | 806.00 | 202.00 | **1008.00** |

****